दैनिक जागरण 06/02/2023

# ड्राप्स आफ चेंज व जीएमएन के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर



ड्राप्स आफ चेंज और जीएमएन के बीच सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर के दौरान उपस्थित अधिकारी। **विज्ञप्ति**

**अंबाला, विज्ञप्ति** : ड्राप्स आफ चेंज संस्था ने गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज के बीच सामाजिक सहयोग और विद्यार्थियो के उत्थान के लिए सहमति ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए। कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त एंड संस्था के संस्थापक विशाल हिंदुस्तानी ने बताया कि इस सहमति ज्ञापन के तहत कालेज, ड्राप्स आफ चेंज संस्था के साथ मिलकर विभिन्न सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करेगे। संस्था के स्लम बच्चों को कालेज के साथ मिलकर नई चीजे सीखने का मौका मिलेगा। कालेज के विद्यार्थियों को भी समाज में काम करने का मौका मिलेगा तथा सामाजिक जिम्मेदारियों के बारे में जानकारी मिलेगी है। इससे विधार्थियो को झुग्गी झोपड़ी के बच्चों को साथ मिलकर काम करने मौका मिलेगा तथा उन्हें पता चलेगा की असलियत में समाज में किस तरह काम होता है। इस मौके पर पालिटिकल साइंस से डा. राकेश कुमार ने बताया की ड्राप्स आफ चेंज संस्था के साथ उन्होंने पहले भी कुछ इवेंट करे है। राकेश ने बताया की ड्राप्स आफ चेंज संस्था सहारनीय काम कर रही हैं। इस मौके पर संस्था के सदस्य नवनीत, राज वर्धन, आयुष व अन्य मौजूद रहे।